प्रेस नोट जनपद फतेहपुर
दिनांक 23.03.2026

फतेहपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत "बाइक/स्कूटी रैली" कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

आज दिनांक 23.03.2026 को चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित 'मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण)' के अभियान के क्रम में पटेल नगर चौराहा से महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक करने के लिये निकाली गयी बाइक/स्कूटी रैली को जिलाधिकारी फतेहपुर श्री रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन श्रीमती प्रगति यादव व महिला थाना अध्यक्ष मय मिशन शक्ति टीम, प्रभारी निरीक्षक क्राइम थाना कोतवाली व विभिन्न पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

प्रतिभागियों ने "नारी सुरक्षा – नारी सम्मान, बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरण" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से समाज में जागरूकता का संचार किया।